an>

Title: Need to open a passport service centre at Hisar, Haryana.

श्री दुÂयंत चौटाला (हिसार) : उपाध्यक्ष महोदय, आज मैं अपने लोक सभा संसदीय क्षेत्र की एक समस्या को लेकर आया हूं। हरियाणा के अंदर तीन पासपोर्ट केन्द्र हैं, एक गुड़गांव केन्द्र, जो दिल्ली को केटर करता है, दूसरा चंडीगढ़ पासपोर्ट केन्द्र, जो पंजाब के पासपोर्ट को हैंडल करता है और तीसरा पिछली सरकार द्वारा अंबाला में बनाया गया केन्द्र है। आज हिसार के किसी व्यक्ति या सिरसा-भिवानी के किसी व्यक्ति को पासपोर्ट बनवाना पड़ता है तो 150 किलोमीटर दूर अंबाला जाकर पासपोर्ट की अप्लिकैशन लगानी पड़ती है। आज हिसार में युनिवर्सिटीज, रिसर्च इंस्टीटयूशंस और उद्योग भी हैं।

मैं आपके माध्यम से माननीय एक्सटर्नल अफेयर्स मिनिस्टर से यह मांग करता हूं कि एक पासपोर्ट सेवा केन्द्र हिसार के लोगों के लिए हिसार में बनाये, जिससे केवल हिसार जिले को ही नहीं बल्कि हरियाणा के रोहतक, भिवानी, जिन्द, फतेहबाद, सिरसा, इन सब जिलों को फायदा भी मिलेगा और आज जिन लोगों को अंबाला का तीन-चार चक्कर लगा कर अपना पासपोर्ट बनवाना पड़ता है, उनको भी हिसार के अंदर यह सुविधा मिल पायेगी।

मैं आपके माध्यम से माननीय एक्सटर्नल अफेयर्स मिनिस्टर से यही मांग करता हूं कि हिसार में पासपोर्ट सेवा केन्द्र खोला जाये।